आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 01.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतगणना चार जून होगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है।
- अल्मोड़ा जिले के सोमनाथ मैदान में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद 989 अग्निवीर सेना में शामिल हुए।
- देहरादून के मसूरी स्थित जॉर्ज एवरेस्ट पर आज देश के पहले खगोल पर्यटन अभियान ''नक्षत्र सभा'' का शुभारंभ हुआ।
- विश्व धरोहर फूलों की घाटी आज से पर्यटकों के लिए खुली।

लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण का मतदान आज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। शाम पांच बजे तक कुल 58 दशमलव तीन चार प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस चरण में सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। इनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 09, बिहार की 08, ओडिसा की 06 और अन्य राज्यों की सीटें शामिल है। निर्बाध और पारदर्शी मतदान सुनिशचित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर व्यापक प्रबंध किए थे। वोटो की गिनती आगामी चार जून को होगी। मतगणना की तैयारियों को देशभर के साथ ही प्रदेश में भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सीएम बदरीनाथ दौरा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। श्री धामी ने आज बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि धामों की क्षमता के अनुरूप यात्रा का संचालन किया जा रहा है और अब यात्रा पूरी तरह व्यवस्थित है, जिससे श्रद्धालुओं को आसानी से दर्शन का अवसर मिल रहा है और यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं से बातचीत भी की और उनसे व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इससे पहले उन्होंने श्री बदरी विशाल के दर्शन और पूजा–अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना भी की।

अग्निवीर

अल्मोड़ा जिले के रानीखेत स्थित ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान में आज आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद 989 अग्निवीर सेना का अभिन्न अंग बन गए। नागा और कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव, डिप्टी कमांडेंट कर्नल सुनील कटारिया और टीबीसी कर्नल प्रभु आर डब्ल्यू ने परेड की सलामी ली। सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को बैज लगाकर सम्मानित किया। केआरसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने सभी अग्निवीरों का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे तत्परता से देश सेवा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश सेवा के जज्बे के साथ युवाओं ने अग्निवीर बनने का निर्णय लिया है, जो गर्व की बात है।

सीवरेज ट्रीटमेंट

रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन केदारनाथ यात्रा को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने में जुटा है। इसके लिए केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए 622 किलो लीटर प्रतिदिन शोधन क्षमता वाले सीवरेज प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। इस एसटीपी में केदारपुरी के अपशिष्ट और गंदे पानी का शोधन किया जाएगा। इसके साथ ही गौरीकुंड में 222 किलो लीटर प्रतिदिन और तिलवाड़ा में 100 किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला सीवरेज प्लांट बनाया जा रहा है। जापानी तकनीक से बनने वाले इन प्लांटों के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और पेयजल निगम को सौंपी गई है। गौरतलब है कि नमामि गंगे परियोजना के तहत वर्ष 2022 से केदारनाथ, गौरीकुंड और तिलवाड़ा में सीवरेज प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था पेयजल निगम के परियोजना निदेशक रविंद्र गंगाड़ी ने बताया कि गौरीकुंड और तिलवाड़ा में कुल 322 किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला सीवरेज प्लांट बनाया जा रहा है।

चाय विकास बोर्ड

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि राज्य में चाय का उत्पादन बढ़ाने के साथ ही सभी बागानों को चाय पर्यटन से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए कृषि मंत्री ने आज अल्मोड़ा में चाय विकास बोर्ड के अधिकारियों के साथ चर्चा की और विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद विस्तृत कार्ययोजना बनाकर शासन को सौंपने को कहा।

खगोल पर्यटन

देहरादून के मसूरी स्थित जॉर्ज एवरेस्ट पर आज देश के पहले खगोल पर्यटन अभियान ''नक्षत्र सभा'' का शुभारंभ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए खगोल पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह आयोजन 2 जून तक चलेगा। ''नक्षत्र सभा'' के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार राज्य में बहुआयामी पर्यटन के मद्देनजर अन्य संसाधनों का भी विकास कर रही है। श्री धामी ने कहा कि सरकार ग्रीन टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन के अलावा साहसिक पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म, खगोल पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खगोल पर्यटन पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि सरकार राज्य में विभिन्न स्थानों पर खगोल ग्राम स्थापित कर रही है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सरकार का

प्रयास है कि राज्य में आने वाले सभी पर्यटक बेहतर अनुभव लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए पर्यटक स्थलों को विकसित करने पर ज़ोर दिया जा रहा है।

फूलों की घाटी

समुद्र तल से 12 हजार 995 फीट की ऊंचाई पर चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी आज से पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। पहले दिन 48 पर्यटकों ने घाटी में ट्रेक कर विभिन्न प्रजातियों के फूलों का लुफ्त उठाया। आकाशवाणी से बातचीत में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के प्रभागीय वन अधिकारी बीबी मार्तोलिया ने बताया कि पर्यटकों को फूलों की घाटी का ट्रैक करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना आवश्यक है। बेस कैंप घांघरिया में पर्यटकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि घाटी में ट्रैकिंग के लिए देशी नागरिकों को 200 रुपये और विदेशी नागरिकों के लिए 800 रुपये ट्रेक शुल्क निर्धारित किया गया है। फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए आगामी 30 अक्टूबर तक खुली रहेगी।

कंपाटमेंट परीक्षा

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आज से आवेदन प्रकिया शुरू हो गई है। परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून है। इस वर्ष अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र बोर्ड के ऑफिशियल वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा जुलाई के महीने में आयोजित होने की उम्मीद है।

कोयला भंडार

केंद्र सरकार ने कहा है कि बिजली की अत्यधिक मांग के बावजूद ताप बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार 45 मीट्रिक टन से अधिक बना हुआ है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया है कि यह स्टॉक 19 दिनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। मंत्रालय ने बताया है कि मई में ताप बिजली संयंत्रों में औसत दैनिक कमी केवल 10 हजार टन प्रति दिन थी। पिछले वर्ष कोयला उत्पादन में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। खदान के पिट–हेड पर स्टॉक 100 मीट्रिक टन से अधिक है। इससे बिजली क्षेत्र को पर्याप्त कोयला मिलता है। मंत्रालय ने मानसून के दौरान ताप बिजली संयंत्रों में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है और कहा है कि पहली जुलाई को ताप बिजली संयंत्रों के पास 42 मीट्रिक टन से अधिक कोयला उपलब्ध रहने की उम्मीद है।

सैनिकों

सेना, नौसेना, वायु सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों में भर्ती के इच्छुक सैनिकों के बच्चों के लिए 17 जून से देहरादून स्थित राज्य सैनिक विश्राम गृह में 56 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी वीरेंद्र प्रसाद भट्ट ने बताया कि चयन प्रक्रिया 10 से 15 जून तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में आयोजित की जाएगी।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में दोपहर बाद विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। अल्मोड़ा के रानीखेत कैंट में तेज हवाओं के चलते पेड़ गिर जाने से एक की मृत्यु हो गई, और 7 अन्य घायल हो गए। साथ ही कई वाहनों और दुकानों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है। बारिश और बर्फबारी से कई स्थानों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। हालांकि मैदानी हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों से दिन के समय अनावश्यक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है और तरल पदार्थों व पानी का अधिक सेवन करने को कहा है।